प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**19.10 रविवार** **दिनांक 18.05.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- प्रदेश के सात हजार से अधिक एकल शिक्षक स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कर शिक्षकों की कमी दूर की जाएगी–किसी भी विद्यालय को नहीं किया जाएगा बंद।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के जगरगुंडा में बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया।

- छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उनतीस मई से बारह जून तक चलाया जाएगा विकसित कृषि संकल्प अभियान।

- सक्ती जिले में हार्वेस्टर और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**शिक्षक–युक्तियुक्तकरण**

प्रदेश के सात हजार से अधिक एकल शिक्षक स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कर शिक्षकों की कमी दूर की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने इसे लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। आगामी शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी विद्यालय को बंद नहीं किया जाएगा।

## जगरगुंडा–बैंकिंग सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। हमारे सुकमा संवाददाता विष्णु प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि इस शाखा के खुल जाने से आसपास के बारह गांवों के लगभग चौदह हजार ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

बैंक के शुभारंभ अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बैंक परिसर में कैश काउंटर और शाखा प्रबंधक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए बैंक में अपना भी खाता खुलवाया। इस शाखा में बैंकिंग के साथ ही एटीएम की सुविधा भी ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराई गई ळें

## अंबिकापुर रेलवे स्टेशन–उद्घाटन

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनविकर्सित किए गए अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी बाईस मई को करेंगे।

इससे पहले, कल पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिलासपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश देवांगन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही स्टेशन के उन्नयन और यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक सुविधाओं से भी अवगत कराया।

गौरतलब है कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का उन्नयन छह करोड़ बयानवे लाख रूपये की लागत से किया गया है, जिसमें यात्री सुविधा, सौंदर्यीकरण और आधारभूत ढांचे के आधुनिकीकरण को विशेष महत्व दिया गया है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उनतीस मई से बारह जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि और इससे संबद्ध विभागों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें हर दिन दो से तीन चुनी हुई ग्राम पंचायतों में जाकर किसानों के साथ वैज्ञानिक

परिचर्चा आयोजित करेंगी। परिचर्चाओं के माध्यम से किसानों को धान की बोआई, ड्रोन तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीजों की नई किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित कृषि, बागवानी, पशुपालन तथा मत्स्यपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में आई.सी.ए.आर. संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग और संबद्ध विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा प्रगतिशील कृषक भाग लेंगे। अभियान के दौरान किसानों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनकी खेती संबंधी समस्याओं को समझा जाएगा तथा उनके द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों की जानकारी एकत्र की जाएगी।

## तिरंगा यात्रा

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में इन दिनों प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में नारायणपुर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान से शुरू होकर जयस्तंभ चौक में संपन्न हुई। इस यात्रा में जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, पुलिस के जवान, आम नागरिक और स्कूली विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष नारायण मरकाम ने कहा कि "यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है, बल्कि यह शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। "ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना, समाज को जागरूक करना और जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

इस बीच, भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कप्तान और रायपुर जिले के सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारे सेना ने जो पराक्रम दिखाया, वो काबिले तारीफ है।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

दुनियाभर में आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सांस्कृतिक समृद्धि, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के

बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है – **तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य**।

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति विभाग द्वारा रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतिम दिन आज गुजरात, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश से पहुंचे दल के सदस्यों ने पुरखौती मुक्तांगन और नवनिर्मित आदिवासी संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों संग्रहालयों में प्रदर्शित जनजातीय और पुरातत्त्वीय धरोहरों को नजदीक से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। समापन सत्र में संगोष्ठी के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पी.सी. पारख, डॉक्टर अमित सोनी, रीना दीवान, अशोक तिवारी, महावीर इंटर कॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के लोकेश कावड़िया और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए डॉक्टर पारख ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य था कि संग्रहालय को समुदाय के बीच कैसे ले जाए।

## एनटीपीसी–रजत दिवस

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एन.टी.पी.सी. की स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर प्रबंधन द्वारा रजत दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में

एन.टी.पी.सी. बालिका शक्तिकरण अभियान चला रहा है। एन.एस.पी.सी.एल. के महाप्रबंधक नील शर्मा ने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत पावर स्टेशन के आसपास से चुनी गई चालीस वंचित बालिकाओं को आवासीय परिसर में विभिन्न विषयों और जीवन कौशल पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## दुर्घटना

सक्ती जिले में बीती रात हुए सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। इस बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे सक्ती संवाददाता प्रकाश  साहू।

## संक्षिप्त समाचार

## अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- भिलाई के सोमनी स्थित सेवा सहकारी समिति में किसानों के एक करोड़ तीन लाख रूपये से अधिक रूपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस मामले में भिलाई पुलिस ने सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक और एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

- बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने करीब साठ हजार रुपये कीमत का ड्रग्स, छह मोबाइल और एक चारपहिया वाहन जब्त किया है।

- बिलासपुर जिले की रतनपुर पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी करने के आरोप में कोल डिपो संचालक समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तेरह ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया है।

- महासमुंद पुलिस ने एलपीजी टैंकर से गैस चोरी कर एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर मे भरने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।